2 जुलाई को दुबारा होगी कॉन्स्टेबल भर्ती की रद्द की गई परीक्षा

जयपुर 22 जून। प्रदेश में राजस्थान पुलिस द्वारा 14 मई को दूसरी पारी में आयोजित की गई कॉन्स्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा अब दुबारा 2 जुलाई को आयोजित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि 13 से 16 मई तक कांस्टेबल के 4 हजार 388 पदों के लिए आयोजित की गई लिखित परीक्षा में 14 मई की दूसरी पारी के पेपर को अपरिहार्य कारणवंश निरस्त कर दिया गया था।

प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक होगी परीक्षा

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्रीमती बिनीता ठाकुर ने बताया कि कॉन्स्टेबल भर्ती 2021 की 14 मई 2022 को दूसरी पारी में आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों की दुबारा लिखित परीक्षा 2 जुलाई को प्रातःकाल 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रातः 7 बजे से पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा। प्रातः 7 बजे के बाद किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

श्रीमती बिनीता ठाकुर ने बताया कि इस परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किये गए हैं। परीक्षा के लिए 25 जिलों में 28 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। दुबारा आयोजित की जा रही इस परीक्षा में 1 लाख 72 हजार परीक्षार्थी भाग ले सकेगें। अभ्यार्थियों के परीक्षा केंद्र की जानकारी शीघ्र ही राजस्थान पुलिस की वेबसाइट http:@@recruitment2-rajasthan-gov.in पर उपलब्ध होगी।

पारीक / सन्तरा / अमन / 406 / 2022

नोटः– उक्त प्रेस नोट www.police.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।